१. भारतीय संस्कृति

I. प्रश्न उत्तर

१. संस्कृति का क्या तात्पर्य है ?

उ. संस्कृति का ' तात्पर्य ' है नागरिकता या संस्कार । किसी देश के आचार - विचार, रीति - रिवाज, वेश - भूषा, ललित कलाएँ, सामाजिक, धार्मिक, नैतिक विषयों का सम्मिलित रुप ही संस्कृति कहलाती है । संस्कृति का सम्बन्ध भूत, वर्तमान और भविष्य से होता है । संस्कृति अपने भविष्य पर नजर रख कर चलती है ।

२. भारतीय संस्कृति के समन्वयकारी रुप पर प्रकाश डालिए ?

उ. भारतीय संस्कृति बड़ी उदार है । उसमें समन्वय की अद्‌भुत शक्ति है । उसमें ईसाई और इस्लामी संस्कृतियाँ मिल गयी है । सूफी मत, कबीर मत, ब्रह्म समाज, और आगरबानी सम्प्रदाय - इन सबमें भारतीय संस्कृति की समन्वयकारी शक्ति देखी जा सकती है । भारतीय संस्कृति ने अनेक संस्कृतियों को अपने में आत्मसात कर लिया है । हिन्दुस्तान के इस्लाम की विशेषताएँ, अरबिस्तान, ईरान तथा मिश्र के ईस्लाम से कुछ भिन्न होगीं । भारत का ईसाई धर्म, इटली फ्रांस, जर्मनी, इंग्लैण्ड, और रुस के ईसाई धर्म से कुछ अधिक सुगन्ध लायेगा । इस्लाम तथा ईसाई धर्म के हिन्दुस्तान में आने से हिन्दु धर्म की खूबी अच्छी तरह से स्पष्ट होने लगी है । इस प्रकार यह स्पष्ट रुप से कहा जा सकता है कि भारतीय संस्कृति में अद्‌भुत समन्वय शक्ति है ।

३. भारतीय संस्कृति की विशेषताओं को समझाइये ?

उ. हिन्दुस्तान में अनेक धर्म, मत एवं संम्प्रदाय हैं । उन सभी धर्मों, मतों, एवं संम्प्रदायों का एक विशाल धर्म कुटुम्ब बनाने की क्षमता भारतीय संस्कृति सबसे बड़ी उदार संस्कृति ने अनेक अन्य धर्मो को आत्मसाद कर लिया है । अनेक संस्कृतियों को मिलाकर एक विशाल धर्म कुटुम्ब बनाने की क्षमता भारतीय संस्कृति में है । इसके अनुसार ईश्वर तक पहुँचने के अनेक मार्ग हैं । मानव कल्याण ही उस का एक मात्र आदर्श है । इसी आदर्श को फैलाने विश्व को अपना कार्यक्षेत्र ब्ना लिया है । संक्षेप में " भिन्नता में एकता " भारतीय संस्कृति की सबसे बड़ी विशेषता है । भारतीय संस्कृति में ईश्वर को माननेवाले आस्तिक और न माननेवाले नास्तिक दोनों के लिये स्थान है । भारतीय संस्कृति की यह परंपरा प्राचीन काल से चली आ रही है ।

I. वाक्यों में प्रयोग कीजिए ।

१. प्रारंभ - आरंभ

प्रारंभ से ही भारत कृषि प्रधान देश रहा है ।

२. संस्कृति - रीति - रिवाज
भारतीय संस्कृति में अनेकता में एकता के दर्शन होते हैं ।

३. स्वीकार - मानना
हमें अपने गलतियों को स्वीकार करना चाहिए ।

II. निम्न वाक्यों को भूतकाल में बदलिए ।

१. संस्कृति अपने भविष्य के ध्रुव तारे पर निगाह रखकर चलती है ।
उ. संस्कृति अपने भविष्य के ध्रुव तारे पर निगाह रखकर चली थी ।

२. ईश्वर के पास पहुँचने के अनेक मार्ग है ।
उ. ईश्वर के पास पहुँचने के अनेक मार्ग थे ।

३. हिन्दुस्तान में कई धर्म हैं ।
उ. हिन्दुस्तान में कई धर्म थे ।

III. अशुध्द अंश काट दीजिए ।

१. भारतीय संस्कृति हिन्दुस्तान के पुरान / इतिहास से भी बड़ी है ।
उ. भारतीय संस्कृति हिन्दुस्तान के इतिहास से भी बड़ी है ।

२. हिन्दुस्तान में शक, हूण आदि अंदर बाहर के लोग आ गये ।
उ. हिन्दुस्तान में शक, हूण आदि बाहर के लोग आ गये ।

३. ईश्वर अनभिज्ञ / सर्वज्ञ है ।
उ. ईश्वर सर्वज्ञ है ।

IV. निर्देश के अनुसार लिखिए ।

१. गंगा गंगोत्री से आयी है । **(इस वाक्य को तत्कालिन वर्तमान काल में बदलिए ।)**
उ. गंगा गंगोत्री से आ रही है ।

२. लोग ईश्वर ———————— नही मानते । **(उचित कारक चिन्ह से भरिए ।)**
उ. को

३. " धर्मावलम्बी " किन दो शब्दों से बना है ।

उ. १. धर्म २. अवलम्बी

V. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए ।

१. कृषि प्रधान संस्कृति में ———————— का महत्व है ।

उ. गाय

२. ———————— के साथ ———————— का गाना सुनकर भी उनका हृदय उछलने लगा ।

उ. बुलबुलों , कोयल

३. उनमें ———————— आकर मिलेगी ।

उ. यमुना

VI. पर्यायवाची शब्द लिखिए ।

१.	प्राचीन	-	पुराना,	पुरातन
२.	गाय	-	गो ,	धेनु
३.	गंगा	-	भागीरथी,	मंदाकिनी
४.	गुनाह	-	पाप,	अपराध

VII. उपसर्ग लिखिए ।

१.	अखण्ड	-	अ
२.	अज्ञानी	-	अ
३.	स्वदेश	-	स्व
४.	विशेष	-	वि

VIII. वस्तुनिष्ठ प्रश्न - उत्तर ।

१. " भारतीय संस्कृति " पाठ के लेखक कौन है ?

उ. श्री काका कालेलकर

२. भारतीय संस्कृति किससे बड़ी है ।

उ. इतिहास

३. नदी में रोज क्या आता है ?

उ. नया पानी

४. संस्कृति का संबंध किससे है ?

उ. भूत, वर्तमान और भविष्य से ।

५. हिन्दुस्तान में कौन लोग बाहर से आये थे ?

उ. शक , हूण।

६. भारतीय संस्कृति का केन्द्र कौन - सा है ?

उ. हिन्दुस्तान

७. ईश्वर के सामने पंडित क्या है ?

उ. अज्ञानी

८. मूर्ति पूजा का खण्डन किस जाति ने किया ?

उ. मुसलमानों ने ।

९. भारतीयों के अनुसार सर्वज्ञ कौन है ?

उ. ईश्वर

१०. भारत कृषि प्रधान संस्कृति में किसका महत्व है ?

उ. गाय का ।

११. ईश्वर के पास पहुँचने के लिए कितने मार्ग है ?

उ. अनेक

१२. भारतीय संस्कृति का कार्यक्षेत्र कहाँ तक है ?

उ. अखिल विश्व

१३. बाहर से कितने प्रतिशत मुसलमान भारत आये होंगे ?

उ. बीस प्रतिशत

१४. समन्वयकारी भावना किस संस्कृति में है ?

उ. भारतीय संस्कृति ।

१५. भारतीय संस्कृति का आदर्श क्या हैं ?

उ. मानवता का अन्तिम कल्याण ।

१६. भारतीय संस्कृति की पहचान क्या है ?

उ. त्योहार (पर्व)

१७. गंगा नदी किसमें विलीन हो जाती है ?

उ. सागर में ।

१८. हिन्दुस्तान में कितनी भाषाएँ हैं ?

उ. अनेक

१९. मुसलमानों की कौन - सी आदत हिन्दु सहन नहीं कर सके ?

उ. गोमांसाहार

२०. संस्कृति का अर्थ क्या है ?

उ. संस्कार

***